सोमवार
13 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज


संदेश में वैशाली के ट्रक चालक को लूट के दौरान मारी गोली 2



### उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का लखनऊ में समापन

# यूपी को उत्तम निवेश प्रदेश बनाने में ग्लोबल इन्वेस्टर सहायक: राष्ट्रपति

- समावेशी विकास के लिए करीब 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के करार
- निवेश प्रस्तावों के करार से यूपी में लगभग 93 लाख नए रोजगार होंगे सृजित
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- पूर्वांचल व बुंदेलखंड में आए हैं भारी निवेश
- पारदर्शी नीतियों व तकनीकी अपनाकर निवेश के चार स्तंभों पर किया काम

एजेंसी/लखनऊ

उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में अवश्यम्भावी सिद्धि बनने वाले ऐतिहासिक यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का समापन रविवार की शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मार्गदर्शन के साथ हुआ। तीन दिवसीय यूपी जीआईएस का शुभारंभ 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस समिट के जरिये उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास के लिए करीब 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के करार हुए जिनसे लगभग 93 लाख नए रोजगार सृजित होंगे।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समावेशी विकास की सोच के साथ आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति के सार्थक परिणाम आएंगे। उत्तर प्रदेश को विश्वव्यापी ख्याति मिलेगी। दूरदर्शितापूर्ण नीतियों को लागू कर तथा उसके कार्यान्वयन से उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने के लिए सक्षम भी है और इसके लिए तैयार भी है। उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा तो भारत भी समृद्ध होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश को उत्तम निवेश प्रदेश बनाने में सहायक सिद्ध होगा।


राष्ट्रपति को भेंट देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर का भी निर्माण हो रहा है। यह डिफेंस कॉरिडोर देश की रक्षा आत्मनिर्भरता को सफलता प्रदान करने के साथ ही उद्यम, रोजगार और विकास को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की इस बात के लिए भी प्रशंसा की कि यहां विकास के साथ पर्यावरण संतुलन के भी अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर भी विकसित कर रहा है। उत्तर प्रदेश के यह प्रयास देश के ग्रीन एनर्जी लक्ष्य को प्राप्त करने में काफी सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि जब निवेश का माहौल बनता है तो स्वरोजगार को भी बल मिलता है। इस दिशा में स्टार्टअप को लेकर उत्तर प्रदेश में काफी महत्वाकांक्षी प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश के सबसे युवा राज्य उत्तर प्रदेश का स्वरोजगार में भी अग्रणी स्थान होगा।

**मुख्यमंत्री ने सबको विश्वास दिलाया :** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करने के साथ देश-दुनिया से आए निवेशिकों, औद्योगिक घरानों के प्रमुखों प्रतिनिधियों, विदेशों से आए राजनयिकों समेत समिति के सभी भागीदारों के प्रति आभार जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उत्तर प्रदेश में आया और आने वाला निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मूल मंत्र पर काम किया। पारदर्शी नीतियों और तकनीकी को अपनाकर निवेश के चार स्तम्भों पर काम किया। एमओयू से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और इंसेंटिव मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे पारदर्शी सिंगल विंडो सिस्टम बनाए गए। इन सबके साथ हर निवेशक प्रदेश के कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर निवेश के लिए आकर्षित हुआ।

### उत्तर प्रदेश में दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रत्येक जनपद के विशिष्ट उत्पाद, परंपरागत उद्यम को ओडीओपी से जोड़कर इन उद्यमों के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि है। दुनिया के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। सबसे बड़ी युवा शक्ति यूपी में ही है। उन्होंने कहा कि 6 वर्ष पूर्व तक उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य जाना जाता था। अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से उत्तर प्रदेश के नागरिकों ने बीमारू राज्य के दंश को मिटाने का संकल्प लिया।

### 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने तीन दिन तक चले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस निवेश से 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फ एनसीआर में निवेश होता था। कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल व बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है। 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

## आरा में देसी चिकित्सा के ऑफिस में लगी आग


**आरा।** सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड के बगल में स्थित देसी चिकित्सालय के ऑफिस में रविवार की देर शाम आग लग गयी। उससे ऑफिस के कागजात सहित अन्य सामान धू-धूकर जलने लगे। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। इधर, इमरजेंसी वार्ड के ठीक पीछे स्थित चिकित्सालय की उपरी मंजिल से उठ आग की लपटों को देख अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन सक्रिय हो उठा और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी।

वहीं प्रभारी सीएस नरेश प्रसाद और अस्पताल प्रबंधक कौशल दूबे सहित अन्य अधिकारी पहुंच गये। वहीं अस्पताल में मौजूद गार्ड और अन्य लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंची और काफी देर के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अगलगी में इनवर्टर बैटरी, कुछ दस्तावेज और दवा आदि जलने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के देशी चिकित्सा की जिला संयुक्त औषधालय में शाम करीब आठ बजे आग लग गयी। आग ने धीरे-धीरे भीषण रूप ले लिया।


घटना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

## जम्मू-कश्मीर को चाहिए प्यार, लेकिन मिला बीजेपी का बुलडोजर: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर बीजेपी पर हमला बोला। कांग्रेस सांसद ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश रोजगार, बिजनेस और प्यार चाहता था, लेकिन इसके बजाय उसे 'बीजेपी का बुलडोजर' मिल गया। कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस अभियान के खिलाफ आवाज उठाई है और इसे तुरंत रोकने की मांग की है। राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी ने बीती 7 जनवरी को सभी उपायुक्तों को जम्मू-कश्मीर से 100 प्रतिशत अतिक्रमण हटाना का निर्देश दिया था। जिसके बाद से अब तक जम्मू और कश्मीर में 10 लाख कनाल से अधिक जमीन से कब्जा हटाया गया है।



राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, "जम्मू-कश्मीर को चाहिए रोजगार, बेहतर व्यापार और प्यार, मगर उन्हें मिला क्या? बीजेपी का बुलडोजर। कई दशकों से जिस जमीन को वहां के लोगों ने मेहनत से सींचा, उसे उनसे छीना जा रहा है। अमन और कश्मीरियत की रक्षा, जोड़ने से होगी, तोड़ने और लोगों को बांटने से नहीं।" उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट को भी टैग किया जिसमें दावा किया गया था कि इस अभियान से जम्मू-कश्मीर में दहशत फैल गई है। बुधवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने भी विरोध मार्च निकाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में गुंडा राज है। इसे अफगानिस्तान की तरह तबाह किया जा रहा है।

## आरा में इंटर की छात्रा ने दी जान

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मठिया मोहल्ले में रविवार को एक इंटर की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। उसका शव कमरे में लटका मिला। मृत छात्रा नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मठिया निवासी शिव शंकर प्रसाद की बेटी शिवानी कुमारी थी। घटना को लेकर मोहल्ले में सनसनी मच गई है। हालांकि खुदकुशी किये जाने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे प्रेम प्रसंग की बात भी कही जा रही है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। छात्रा के चाचा विष्णु शंकर ने बताया कि शिवानी माता-पिता व भाई हरियाणा में बर्तन का बिजनेस करते हैं। शिवानी अपनी दादी की देखभाल करने के लिए एक वर्ष यहां उनके साथ आरा में लिए रह रही थी। रविवार की दोपहर बाद सभी लोग काम पर थे और उसकी दादी नीचे थी। उसी बीच उसने छत के कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली।

## असम में भूकंप के तेज झटके रिक्टर स्केल पर 4.0 की तीव्रता

**नई दिल्ली।** अभी सीरिया और तुर्की में लोगों को भूकंप से मिले जख्मों के घाव भरे भी नहीं हैं कि असम से एक ऐसी ही खबर सामने आई है। असम के नागांव में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। असम में भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई है। बताया जा रहा है कि भूकंप के यह झटके शाम 4 बजकर 18 मिनट पर महसूस किए गए थे। जिसके बाद लोगों के बीच अफरातफरी मच गई।

भूकंप के बाद लोगों में दहशत है। बहरहाल, अब सरकार भूकंप के मोर्चे पर क्या कुछ कदम उठाती है। इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। ध्यान रहे कि इससे पहले गुजरात में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। वहां भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई थी। वहीं, इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मोलॉजिकल रिसर्च के एक अधिकारी ने इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सूरत के पश्चिम दक्षिण पश्चिम से लगभग 27 किलोमीटर की दूरी पर भूकंप का केंद्र 12:52 बजे दर्ज किया गया था। उधर, इस संदर्भ में आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह भूकंप 5.2 किलोमीटर गहराई तक दर्ज की गई थी। हालांकि, इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन, लोगों के बीच में दहशत का माहौल बन गया है।

## विश्वनाथ आर्लेकर बिहार के नए राज्यपाल

एजेंसी/नई दिल्ली

राष्ट्रपति ने रविवार को 13 राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की घोषणा की। राष्ट्रपति की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक, गुलाबचंद कटारिया को असम के नए राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा, राजेंद्र विश्वनाथ को बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम व झारखंड के राज्यपाल के रूप में सीपी राधाकृष्ण को नियुक्त किया गया है। वहीं, शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।



जस्टिस (रिटायर्ड) एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया है। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। बिहार के राज्यपाल फागू चौहान को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है. इसके साथ ही केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लद्दाख के उपराज्यपाल के रूप में राधा कृष्ण माथुर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। उनके स्थान पर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया।

### महिला टी20 विश्व कप में जीत के साथ भारतीय टीम ने अभियान की शुरूआत की

# भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

एजेंसी/नई दिल्ली

भारतीय टीम ने रविवार को महिला टी20 विश्व कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। भारत का पहला मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से था। यह मैच केप टाउन के न्यूलैंड्स में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19वें ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने महिला टी20 वर्ल्ड कप के अपने ओपनिंग मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 149 रन बनाए थे। यह टी20 में पाकिस्तान का भारत के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर रहा। बिस्माह मारूफ ने 55 गेंदों में नाबाद 68 रन और आयशा नसीम ने 25 गेंदों में नाबाद 43 रन की पारी खेली।



जवाब में भारत ने 19वें ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आखिरी तीन ओवर में भारत को जीत के लिए 28 रन की जरूरत थी। हालांकि, ऋचा और जेमिमा के मन में कुछ और ही था। 18वें ओवर में ऋचा ने लगातार तीन चौके जड़कर पहले मैच का रुख बदला। इसके बाद 19वें ओवर में जेमिमा ने तीन चौके जड़कर टीम इंडिया को जीत दिलाई। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर जेमिमा को अर्धशतक के लिए एक रन की जरूरत थी। उन्होंने चौका लगाकर अपना अर्धशतक भी पूरा किया और टीम इंडिया को जीत भी दिलाई। यह जेमिमा के टी20 करियर का 10वां अर्धशतक रहा।

जेमिमा 38 गेंदों में 53 रन और ऋचा 20 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा ने अपनी पारी में आठ चौके लगाए, जबकि ऋचा ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए नाबाद 58 रन की साझेदारी हुई। जेमिमा को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। भारतीय टीम को अब अगला मैच 15 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है। ग्रुप-बी में इस जीत के साथ टीम इंडिया दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इंग्लैंड की टीम दो अंक और बेहतर रन रेट के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पाकिस्तान चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान की टीम 15 फरवरी को आयरलैंड से भिड़ेगी।




CMYK

## खबरें फटाफट

### मारपीट में चली गोली, दो जख्मी

**जहानाबाद।** पर्यटन थाना वाणावर के परसोना गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इस दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के लोगपर कई राउंड फायरिंग का आरोप लगाया जा रहा है। बताया कि मारपीट की घटना में 2 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में सत्येंद्र यादव एवं उनका बहनोई विजय यादव शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र यादव को अपने पड़ोसी से जमीन का विवाद चल रहा था। इसमें रविवार की शाम सत्येंद्र यादव खेत में पटवन कर रहे थे तभी उनके पड़ोसी खेत पर आ धमके और मारपीट शुरू कर दी। जहां उन्होंने कई राउंड फायरिंग की। इधर घटना की सूचना पर मखदुमपुर थाना अध्यक्ष रवि भूषण अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। थानाध्यक्ष ने मारपीट की पुष्टि तो की, लेकिन गोलीबारी की घटना से इन्कार किया है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

**जहानाबाद।** पटना गया राष्ट्रीय राज मार्ग के मुससी वीरा गांव के समीप टेम्पो एवं बाइक में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक गया जिले के शिवरामपुर गांव निवासी अमित कुमार बताया जाता है। अमित बाइक पर सवार होकर मखदुमपुर बाजार आ रहा था। तभी मखदुमपुर के तरफ से गया जा रही एक ऑटो से सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, घटना के बाद टेम्पो धक्का मारकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। युवक की स्थिति चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया है।

### बीपीएससी की परीक्षा संपन्न

जहानाबाद। बिहार लोक सेवा आयोग के 68वीं संयुक्त (प्रा.) प्रतियोगिता परीक्षा को कदाचारमुक्त वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। जिसमें 7958 परीक्षार्थी में से 4939 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा केन्द्र पर कोई भी परीक्षार्थी निष्कासित नहीं किया गया। परीक्षा संचालन का जायजा लेने के लिए डीएम रिची पांडेय ने गौतम बुद्ध उच्च विद्यालय, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल तथा एसएन कॉलेज स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

## भोजपुर जिले में बढ़ीं लूट की घटनाएं, ट्रक चालकों को निशाना बना रहे हैं अपराधी

# बेखौफ हुए अपराधी: संदेश में वैशाली के ट्रक चालक को लूट के दौरान मारी गोली, तीन हजार रुपए छीना

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर संदेश थाने के अखगांव बाइपास ठोकर के समीप शनिवार रात लूटपाट के दौरान वैशाली के एक ट्रक चालक को बदमाशों ने गोली मार दी। बदमाशों ने चालक से तीन हजार रुपए भी छीन लिया। गोली चालक के दाये साइड सीने में लगी है। उससे चालक की हालत गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।

जख्मी चालक वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र के खानपट्टी गांव निवासी भूटानी राय का पुत्र नंदलाल राय (45 वर्ष) है। उसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। कुछ अन्य ट्रक चालकों से भी लूटपाट किये जाने की सूचना है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और लुटेरों की धरपकड़ शुरू कर दी गयी है। ट्रक के खलासी दीपक कुमार ने बताया कि वह चालक के साथ रात में सहार के नोनउर घाट से बालू लेकर दरभंगा जा रहे थे। अखगांव ठोकर के पास दो अपराधी आ पहुंचे और ट्रक का दरवाजा पीटने लगे। दरवाजा नहीं खोलने पर अपराधियों द्वारा फायरिंग कर दी गयी, जो चालक नंदलाल राय को गोली मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

उसके बाद अपराधी उनसे तीन हजार रुपए भी छीन लिया और भाग गये। उसके बाद थाना इंचार्ज पहुंचे और अस्पताल पहुंचाया गया। खलासी की ओर से अन्य चालकों से भी लूटपाट करने का आरोप लगाया है। इधर,




गिरफ्तार अपराधी की जानकारी देते एसपी व अन्य

- नोनउर घाट से बालू लेकर दरभंगा जाने के दौरान अपराधियों ने बनाया निशाना
- सीने में गोली लगने से चालक गंभीर, आरा के प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज
- लूटपाट में शामिल अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में जुटी पुलिस

थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि अपराधी चार की संख्या में थे। एक अपराधी हथियार लिये हुए था, जबकि तीन लाठी-डंडे लिये थे। सभी को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जाम के दौरान अपराधियों ने बोला ट्रक पर धावा

ट्रक के खलासी दीपक कुमार ने बताया कि वह चालक के साथ ट्रक लेकर बालू लेने नोनउर घाट आया था। रात में दोनों बालू लोडकर दरभंगा जा रहे थे। रात करीब दो बजे ट्रक अखगांव बाइपास ठोकर के समीप पहुंचा। तब जाम लगा था और ट्रकों की लाइन लगी थी। उस दौरान अपराधी अन्य ट्रक चालकों से लूटपाट कर रहे थे। उसे देख उसने ट्रक का दोनों गेट लॉक कर दिया। तभी दो की संख्या में अपराधी पहुंच गये और ट्रक का दरवाजा पीटने लगे। दरवाजा नहीं खोला, तो बदमाशों द्वारा चालक की साइड से फायरिंग कर दी गयी। वह गोली सीधे चालक के सीने में जा लगी। उसके बाद अपराधी चालक से तीन हजार रुपए छीन कर भाग गये।

## बबुरा के समीप ट्रक चालकों से लूटपाट कर रहे छपरा के गैंग का एक बदमाश गिरफ्तार

- एक कट्टा, दो गोली, लूटे गये तीन मोबाइल और पांच सौ रुपए बरामद
- लूटपाट में शामिल अन्य बदमाशों की पहचान और धरपकड़ में जुटी पुलिस

**आरा।** सारण का आपराधिक गिरोह कोईलवर-छपरा फोरलेन पर भोजपुर इलाके में ट्रक चालकों से लूटपाट कर रहा है। भोजपुर पुलिस द्वारा ट्रक चालकों से लूटपाट करते एक अपराधी को गिरफ्तार करने के बाद इसका खुलासा किया गया है। गिरफ्तार अपराधी छपरा के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी प्रदुमन राय का पुत्र सुनील राय है। उसके पास से एक कट्टा, दो गोली, लूटे गए तीन मोबाइल और पांच सौ रुपए बरामद किया गया है। उसे शनिवार की रात करीब एक बजे बड़हरा थाने के छोटी बबुरा पुल के पास गिरफ्तार किया गया। हालांकि अन्य अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकले। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी।

उन्होंने बताया कि शनिवार की रात करीब एक बजे कोईलवर-छपरा फोरलेन पर छोटी बबुरा पुल के पास कुछ अपराधियों द्वारा ट्रक चालकों से लूटपाट करने की सूचना मिली। उसके बाद एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित कर घटनास्थल पर भेजी गयी। टीम ने इलाके की घेराबंदी कर एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार, गोली, मोबाइल और लूटा गया पैसा बरामद किया गया। उससे पूछताछ के आधार पर लूटपाट में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गयी। सभी छपरा के डोरीगंज इलाके के ही रहने वाले हैं। उन सभी की धरपकड़ के लिए पुलिस छापेमारी की जा रही है। टीम में बड़हरा थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश शामिल थे।



जख्मी चालक का इलाज करते चिकित्सक

> “ ट्रक और ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन चालकों से लूटपाट व रंगदारी वसूलने सहित जैसी घटनाओं पर रोक लगाने को पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर हाईवे पेट्रोलिंग के साथ जगह-जगस सादे लिबास में पुलिस बल तैनात किये गये हैं। इसके अलावे रात में ट्रकों के आने-जाने के समय हाईवे पेट्रोलिंग भी करायी जा रही है। बालू वाले इलाकों में आस पास के गांव के कुछ लड़कों को भी चिन्हित किया जा रहा है।
>
> *- प्रमोद कुमार, पुलिस अधीक्षक, भोजपुर*

## भव्य शोभायात्रा: श्री चैतन्य महाप्रभु और श्री नित्यानंद प्रभु ने पूरे शहर का किया भ्रमण



**जहानाबाद।** गांधी मैदान से रविवार दोपहर दो बजे एक भव्य रथ के ऊपर विराजमान हो कर श्री चैतन्य महाप्रभु और श्री नित्यानंद प्रभु ने पूरे जहानाबाद शहर में भ्रमण किया। इस्कॉन संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद जी को भी रथ के ऊपर स्थापित किया गया था। सहर के वरिष्ठ व्यक्ति यथा इस्कॉन गया मंदिर के अध्यक्ष श्रीमान जगदीश श्याम दास, आई आई टी के प्रोफेसर श्रीमान साधुरमन दास के उपस्थिति में रथ के ऊपर विराजमान ठाकुर जी की आरती की गयी। श्रीमान जगदीश श्याम दास ने कहा की कलयुग में कलयुग के लोग मंदिर नहीं जाते हैं तो भगवान दया करके रथ में विराजमान हो कर दर्शन देने रस्ते में निकल जाते हैं। 35 फीट उच्चा रथ फूलों से सजाया गया था। रस्ते में जगह जगह रथ को स्वागत करने के लिए रंगोली बनाया गया था। पुरे रस्ते श्रद्धालु हरे कृष्ण गा रहे थे और उछल उछल कर नृत्य कर रहे थे। रथ गांधी मैदान से हॉस्पिटल मोड, बस स्टैंड, अरवल मोड फिर बस स्टैंड, अरवल मोड़, हॉस्पिटल मोड़ होते हुए होरीलगंज पहुंची। दो बार 56 भोग अर्पित किया गया। रथ पहुंचने के बाद आरती हुई। वहीं, पूरी यात्रा के दौरान रथ के साथ साथ प्रसाद वितरण भी जारी था।

## तमंचे पर डिस्को करने में हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के धोबहां ओपी क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव में बारात में हथियार चमकाना और तमंचे पर डिस्को करना एक रंगदार को महंगा पड़ गया। पुलिस ने उसे हथियार सहित मौके से गिरफ्तार कर लिया। वह धोबहां ओपी क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव निवासी अभिमित शुक्ला है। उसके पास से देसी एक पिस्टल, एक मैगजीन, चार गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। उसे

- मैगजीन लगा एक पिस्टल, चार गोली और एक मोबाइल बरामद

रविवार को गांव में आयी एक बारात से गिरफ्तार किया गया। हालांकि उसका साथी भीड़ का फायदा उठा कर भाग निकला। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुक्लपुरा गांव निवासी अशोक शुक्ला के घर शनिवार रात बारात आयी थी। उसमें नाच-गान का भी कार्यक्रम चल रहा था।

रविवार तड़के करीब तीन बजे सूचना मिली कि बारात में अपराधी प्रवृत्ति के कुछ युवक बारात में हथियार का प्रदर्शन कर रहे हैं। उसके बाद हथियार लहराने वालों की धरपकड़ को एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। टीम द्वारा तुरंत बारात में छापेमारी की गयी। तब एक युवक तो भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला, लेकिन दूसरे को पकड़ लिया गया। फरार युवक की भी पहचान कर ली गयी है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। दोनों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस की इस सक्रियता से जानलेवा हर्ष फायरिंग जैसी घटना टल गयी। बता दें कि अभी हाल में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर पकड़ी और धोबहां में बारात में नाच के दौरान फायरिंग में इंजीनियर सहित दो लोगों की जान चली गयी थी। उसे देखते हुए एसपी की ओर से सभी थानों को पत्र लिख बारात सहित अन्य सामारोह में हथियार के प्रदर्शन पर रोक लगाने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया गया है।

## गांव जाने के दौरान अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार सब्जी दुकानदार की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में पटना-बक्सर फोरलेन पर गीधा ओपी क्षेत्र के कायमनगर पुल के समीप रविवार की सुबह वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार एक सब्जी दुकानदार की मौत हो गयी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत दुकानदार मूल रूप से कायमनगर (मटियारा) गांव निवासी स्व. राम प्रसाद चौरसिया के 75 वर्षीय पुत्र महेंद्र प्रसाद चौरसिया थे।

वह पिछले करीब 45 सालों से नवादा मिल रोड स्थित जोड़ा मंदिर के पास किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे। मिल रोड में उनकी सब्जी की दुकान थी। रविवार की सुबह वह मुखिया व सरपंच से मिलने साइकिल से अपने गांव जा रहे थे। उसी दौरान कायमनगर पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर उनके परिजन भी अस्पताल पहुंचे। इस बीच इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर, मौत की सूचना मिलने पर टाउन की थाना पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।



अस्पताल में जुटे मृतक के परजिन

- इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तोड़ा दम

**संपत्ति बंटवारे के चक्कर में चली गयी दुकानदार की जान :** इधर, दुकानदार के बड़े पुत्र संदीप प्रसाद चौरसिया ने बताया कि वर्ष 1990 में ही कायमनगर (मटियारा) गांव में स्थित पुश्तैनी मकान में संपत्ति का बंटवारा हो चुका है। उसके बावजूद वहां रहने वाले पट्टीदारों द्वारा किसी ना किसी चीज के बंटवारे के लिए परेशान किया जाता है। उसके लिए पंचायती होनी थी। उसी सिलसिले में वह रविवार की सुबह कागजात लेकर मुखिया और सरपंच से मिलने साइकिल से अपने गांव कायमनगर (मटियारा) जा रहे थे। तभी कायमनगर पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनके साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। वहीं हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि उनके परिवार में पत्नी मंजू देवी, पुत्र संदीप प्रसाद चौरसिया, कुलदीप प्रसाद चौरसिया, राजदीप प्रसाद चौरसिया, हरसिद्धि प्रसाद चौरसिया व अमरदीप प्रसाद चौरसिया है। पत्नी मंजू देवी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### लोगों में जागरूकता के लिए आथर में प्रादेशिक अन्नदाता-श्री अन्न महोत्सव में बोले मंत्री

# मोटे अन्न को दुनिया की थाली में दिलाया जाएगा स्थान

**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष घोषित किया है। मिलेट यानी मोटे अनाज को हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि दुनियाभर में भोजन की थाली में सम्मानजनक स्थान दिलाने का समय आ गया है। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे बक्सर जिले के आथर में मोटे अनाज के सेवन एवं उसके उत्पादन के प्रति किसानों एवं जनता में जागरूकता लाने के लिए आयोजित प्रादेशिक अन्नदाता श्री अन्न महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इसमें बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों के किसान एवं कृषि विशेषज्ञ उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के प्रोत्साहन और बढ़ावा से सिर्फ खाद्यान्न की जरूरतें ही पूरी नहीं होगी, बल्कि नए स्टार्टअप को इसके प्रोडक्ट्स दुनिया के सामने लाने का मौका मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, विशेषकर महिलाओं को मिलेट उत्पादन से

- बड़ी संख्या में किसानों व कृषि विशेषज्ञों की रही उपस्थिति, केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने की शिरकत




प्रोसेसिंग तक के काम में जोड़ा जा सकता है। आज दुनिया में मिलेट का प्रमुख उत्पादक देश भारत हैं, जिसमें बिहार का प्रमुख योगदान आने वाले समय मे और बढ़े, इसके लिए सभी को प्रयास करना होगा। मंत्री ने कहा कि मिलेट का उत्पादन किसानों के लिए लाभकारी है। इसमें पानी की जरूरत काफी कम होती है, पथरीली भूमि पर भी उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में भोजन को ईश्वर का स्वरूप माना गया है। भारत में मोटे अनाज का इतिहास लगभग 6 हजार साल पुराना है। इसके साथ ही हिंदू मान्यता के अनुसार यजुर्वेद में भी मोटे अनाज का जिक्र पाया गया है। जैसा हम जानते हैं कि धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा पाठ में जौ का इस्तेमाल किया जाता है। ज्वार, बाजरा, जौ, कोदो, रागी (मडुआ), सांवा, कुटकी, लघु धान्य, चीना, कांगनी आदि को मोटा अनाज की श्रेणी में आते हैं। स्वास्थ्य के लिए ये रामबाण हैं। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने बताया कि दुनियां ने कभी खाद्य सुरक्षा के नाम पर हमें हमारे पारंपरिक खान- पान से दूर कर दिया गया, लेकिन आज हमें अपने अतीत और परंपराओं पर ध्यान देने की जरूरत है। आज दुनियां ने मोटे अनाज पर मुहर लगा दी है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया मधुमेह, कॉलेस्ट्रॉल और कई अन्य बीमारियों से जूझ रही है, मोटा अनाज आदर्श भोजन होने के साथ-साथ बीमारियों को भी दूर रखता है। उन्होंने बताया कि किसानों एवं लोगों में जागरूकता के लिए नियमित अंतराल पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक कृषि साख सोसायटी व एनसीडीईएक्स आइपीएफ ट्रस्ट सहित अन्य संस्थानों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।




केशव टाइम्स

बक्सर, 13 फरवरी 2023



महात्मा गांधी

कड़ाई से निष्पक्ष कब्ज का संचालन करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।



## खबरें फटाफट

### पूर्व मंत्री के बेटे को जान से मारने की मिली धमकी

**डुमरांव।** बिहार सरकार के पूर्व निबंधन राज्य मंत्री तथा ब्रह्मपुर विस के विधायक रहे अजीत चौधरी के बेटे रवि प्रकाश मंडल को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें यह धमकी मोबाईल नंबर 7352976794 से फोन कर दी जा रही है। पुलिस को दिए आवेदन में रवि ने बताया कि है कि 11 फरवरी को कई बार फोन कर जान से मारने की धमकी दिया गया। पहले तो उन्हें मजाक लगा लेकिन फिर रविवार को दोपहर 12.46 में एक बार फिर से इसी नंबर से फोन आया तथा वही धमकी दिया गया। रवि ने इसकी शिकायत नया भोजपुर ओपी थाने से की है। रवि द्वारा थाने में लिखित शिकायत दिए जाने की बात कही जा रही है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इस मामले पर अनभिज्ञता जताई है।

### ऐतिहासिक होगी माले की रैली

**डुमरांव।** 11वें पार्टी महाधिवेशन के अवसर पर पटना गांधी मैदान में 15 फरवरी को आयोजित रैली की तैयारी के मौके पर आज डुमरांव सफाखाना रोड स्थित मुसहर टोली में एक बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए माले नेता संजय शर्मा ने कहा कि देश आज गंभीर परस्थितियों से गुजर रहा है। संघ बिग्रेड द्वारा लगातार उन्माद व नफरत फैलाने की कोशिश की जा रही है। देश की तमाम सरकारी संस्थाओं को नीलाम किया जा रहा है। खेत -खेती व किसानी को कॉरपोरेट के हवाले करने की तैयारी कर रही है। आर्थिक असमानता इतना बढ़ चुकी है कि देश की 40 प्रतिशत पूंजी 1 प्रतिशत लोगों के पास एकत्रित हो गया है और नीचे के 50 प्रतिशत लोगों के पास मात्र 3 प्रतिशत पूंजी है। उन्होंने लोगों से माले की रैली में चलने का आह्वान किया और कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर गांव में रविवार को कामरेड आलम अंसारी का श्रद्धांजलि सभा उनके पैतृक निवास पर मनाई गई। सभा की अध्यक्षता काशीनाथ पासवान ने किया। सभा की शुरूआत कामरेड आलम अंसारी के तैल्लय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।सभा मे कामरेड अंसारी के व्यक्तित्व पर बिस्तर से चर्चा की गई। डुमरांव विधायक कॉम अजित कुशवाहा ने कहा कि अंसारी जी गरीबों के आवाज थे। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा ने स्व अंसारी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज देश में पूंजीवाद हावी हो रहा है अगर पूंजीवाद को रोकना है तो कम्यिूनिष्टों को आगे आना होगा।

# कड़ी सुरक्षा में 18 केन्द्रों पर हुई बीपीएससी की 68 वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा

**केटी न्यूज/बक्सर**

- बीपीएससी की परीक्षा में 3982 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

बिहार लोक सेवा द्वारा आयोजित 68 वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को बक्सर के 18 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 9876 परीक्षार्थी शामिल होने थे जिनमें 5894 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 3982 परीक्षार्थी विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे।

जबकि कई परीक्षार्थी अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर देर से पहुंचे थे। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के लिए डीएम एसपी के नेतृत्व में सभी परीक्षा केन्द्रों पर काफी सख्ती बरती गई थी। मोबाईल तथा अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइसों पर पहले ही रोक लगाई गई थी। वही एहतियात के तौर पर सभी केन्द्रों पर जैमर लगा मोबाईल कम्यूनिकेशन को ठप कर दिया गया था। परीक्षा केंद्रों से 200 मीटर तक की परिधी में निषेधाज्ञा लगाई गई थी। डीएम अमन समीर व एसपी मनीष कुमार ने करीब आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों का खुद निरीक्षण किया तथा सुरक्षा



व्यवस्था व परीक्षा के संचालन पर संतोष जताया।

बता दें कि शनिवार को ही डीएम एसपी ने संयुक्त प्रेस ब्रिफ कर बीपीएससी की परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिया था। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बीपीएससी द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश को भी अपने मातहतों को बता उसका पालन करने को कहा था। वही वीक्षकों तक के परीक्षा कक्ष में मोबाईल ले जाने पर रोक लगाई गई थी। डीएम एसपी के प्रयास से ही यह प्रतियोगी परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न हुई। परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न होने से जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। बता दें कि हाल के दिनों में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लिक होने जैसी घटनाओं से सरकार तथा प्रशासन को शर्मसार होना पड़ा है। यही कारण है कि इस बार जिला प्रशासन बीपीएससी की परीक्षा को हर हाल में कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध था।

### केंद्र में विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को भुगतना पड़ा खामियाजा, नहीं दी गई अनुमति

बीपीएससी द्वारा जो गाईड लाइन दिया गया था उसके तहत परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले परीक्षार्थियों को अपने कक्ष में प्रवेश करना था। लेकिन कई केन्द्रों पर परीक्षार्थी कुछ विलंब से पहुंचे। जिन्हें परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति नहीं दी गई। पटना से परीक्षा देने आई आरती कुमारी भी उनमें शामिल थी। आरती ने बताया कि वह 11.5 में अपने निर्धारित केन्द्र पर पहुंची थी। लेकिन मात्र पांच मिनट के विलंब के कारण उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। उनके अलावा विलंब से पहुंचने वाले दर्जनों परीक्षार्थियों के साथ भी यही सलूक किया गया। केन्द्राधीक्षकों की मानें तो वे आयोग क निर्देश को मानने को बाध्य है।

**शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने पर प्रशासन ने जताया संतोष :** बीपीएससी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने पर डीएम एसपी ने संतोष जताया है। उन्होंने इस परीक्षा में लगे सभी केन्द्राधीक्षकों व वीक्षकों के साथ ही दंडाधिकारियों व पुलिस बल को भी धन्यवाद दिया है।

## वर्चस्व की जंग में रणक्षेत्र बन गया जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर

# नवोदय विद्यालय के छात्रों के दो गुट में मारपीट में 15 जख्मी, 3 की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/नावानगर**

वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत जिले के इकलौते जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार की रात छात्रों के दो गुट आपस में भिंड़ गए। वर्चस्व की इस जंग में दोनों गुटों द्वारा जमकर ईंट-पत्थर व लाठी डंडे बरसाए गए। जिसमें 15 छात्र जख्मी हुए। गंभीर रूप से जख्मी तीन छात्रों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। गंभीर रूप से जख्मी छात्रों में वर्ग 10 के रोहित कुमार, 12वीं के बिपीन कुमार तथा शुभम कुमार शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही वासुदेवा ओपी के साथ नावानगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं सुबह में एएसपी राज भी नवोदय विद्यालय पहुंच मामले की पड़ताल किए।

हालांकि रविवार की शाम तक इस मामले में न तो विद्यालय प्रबंधन द्वारा और न ही छात्रों द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। विद्यालय के प्राचार्य रात में ही उपद्रवी छात्रों के अभिभावकों को सूचना दे बुलवाया।



जख्मी छात्रों को अस्पताल में लेकर पहुंचे लोग

- शनिवार देर रात की है घटना, दंडात्मक कार्रवाई की बात कर रहे हैं प्राचार्य
- बुलाई जाएगी अनुशासन समिति की बैठक

उन्होंने कहा कि मारपीट में शामिल छात्रों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए विद्यालय अनुशासन समिति की बैठक जल्दी ही बुलवाई जाएगी। उसी बैठक में छात्रों पर कार्रवाई निर्धारित किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार वर्ग 10वीं और 12वीं के छात्रों के बीच पिछले कुछ दिनों से वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। इस लड़ाई में नौवीं व 11वीं के छात्र भी शामिल हो गए थे। देर रात अचानक दोनों गुट उग्र हो एक दूसरे पर ईंट पत्थर व लाठी डंडे बरसाने लगे। जानकारों का कहना है कि इसके पहले भी दोनों गुटों का झड़प हुआ था। लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा इसे हल्के में लिया गया था। जिस कारण शनिवार की रात स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि पुलिस बुलानी पड़ी।



अस्पताल में इलाजरत जख्मी छात्र

**अनुशासन कमिटि की बैठक में होगी कार्रवाई :** इस संबंध में जानकारी देते हुए नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र झा ने बताया कि वे जल्दी ही विद्यालय अनुशासन कमेटी की एक बैठक आयोजित करेंगे। इसी बैठक में दोषी छात्रों पर कार्रवाई का प्रतिवेदन को जिला पदाधिकारी अमन समीर के अनुमोदन के साथ नवोदय विद्यालय के प्रबंध समिति को भेजा जाएगा। जिसके बाद बच्चों के ऊपर किए जाने वाले अनुशासनात्मक कार्यवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस घटना में डेढ़ दर्जन बच्चें चिन्हित किए गए हैं। जिनके विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है।

**कहते है एएसपी :** इस संबंध में एएसपी राज ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वे नावानगर नवोदय विद्यालय पहुंच मामले की पड़ताल किए। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी पक्ष द्वारा लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत दर्ज होने पर पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।

### प्रबंधन पर उठे सवाल

घटना से नवोदय विद्यालय प्रबंधन पर भी सवाल उठ रहे है। सूत्रों के अनुसार विद्यालय में छात्रों के बीच गुटबाजी चरम पर है। इसकी प्रबंधन को इसकी पहले से जानकारी थी। बीच बीच में हुई मारपीट की छोटी घटनाओं को प्रबंधन ने यदि गंभीरता से लेते हुए ऐसा करने वाले छात्रों पर ठोस कार्रवाई किया होता तो छात्र इतने उग्र नहीं हुए रहते। वहीं, इस मामले में दूसरे एंगल भी देखा जा रहा है।

## एक नजर

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्तर पर वुशू खिलाड़ी दीक्षा एवं अमृत ने जीता रजत पदक



**बक्सर।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशू पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता 2022-2023 का आयोजन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली पंजाब में आयोजित कियो गया। जहां बेहतर प्रदर्शन करते जिले के महिला एवें पुरूषे दोनों वर्ग में मेडल पाकर न केवल जिले का बल्कि यूनिवर्सिटी तथा बिहार का नाम रौशन कियो है। 7 से 11 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में कुल 32 यूनिवर्सिटी से भाग लगभग 200 खिलाड़ियों ने भागे लिया थो। जिसमें वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी आरा से 20 खिलाड़ियों ने भागे लिया। बक्सर के एमवी कॉलेज से 10 खिलाड़ियों ने भागे लिए। एमवी कॉलेज से 48 किलोग्राम भार में दीक्षा कुमारी ने रजत पदक प्राप्ते किए। दीक्षा कुमारी पहली बार यूनिवर्सिटी स्तर पर आयोजित खेल में भाग लियो था। जिसमें अपना परचम लहराया और वह यूनिवर्सिटी में पहली ही बार में पदक अपने नामे किया। वहीं पुरुष वर्ग में एमवी कॉलेज से 70 किलोग्राम भार में अमृत कुमार ने भी रजत पदक प्राप्ते किया। अमृत कुमार भी यूनिवर्सिटी स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में पहली बार शामिल हुऐ थे। अमृत भी पहली बार में ही ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशू प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों ने पहली की प्रयास में रजत पदक प्राप्ते किया। वहीं इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के दल प्रभारी राजेश प्रसाद ठाकुर और महिला वर्ग के दल प्रभारी संगीता ठाकुर एवं दल प्रबंधक के रूप में एमवी कॉलेज के प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह के देखरेख में खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शने रहा। इन दोनों खिलाड़ियों के सफलता परे वुशु संघ के अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, संघ के महासचिव मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव विवेक कुमार, रामरतन पाठक एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने बहुत-बहुत बधाई दी।

### खरवनिया पहुंच भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की



**केसठ।** प्रखंड के खरवनिया गांव में रविदास जयंती के दिन गांव में लगे संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की पोस्टर फाड़ने एवं जलाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची थी तथा दो लोगों को हिरासत में भी लिया गया था। इस मामले में तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए नावानगर थाने में प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। जिसमें दो की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में तीसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने पर भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष दादा सुदर्शन बौद्ध एंव प्रखंड अध्यक्ष हरेराम पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं के साथ खरवनिया गांव पंहुचे। इसकी सूचना मिलते ही नावानगर थाना की पुलिस भी वहां पहुंची। जहां भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष दादा सुदर्शन बौद्ध ने तीसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी व उचित करवाई की मांग की। आगे भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कहां कि अगर सभी अभ्युक्तों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भीम आर्मी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रायोगिक परीक्षा का केवल किया जाता है कोरम पूरा

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार में विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाला प्रायोगिक परीक्षा केवल मजाक बनकर ही रह गयो है। प्रायोगिके परीक्षा पर बोलते हुए बिहार राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्षे बिनोधरे ओझा ने कहा कि बिहार में प्रायोगिक परीक्षाएं मजाक यो अनिभिज्ञतो बन गया है। जिसे शिक्षा विभाग या रामायण के ज्ञाता को जो इस विभाग के मंत्री को कैसे होती है प्रयोगिक परीक्षा का ज्ञान नही है।

नये-नये जो शिक्षक आये है उन्होंने भी प्रायोगिक परीक्षा न दिया है और न कभी किये है।यह स्थिति मैट्रिक, इण्टर, ग्रेजुएशन हो कहीं कोई प्रायोगिक कक्षाएं संचालित होती है और न ही प्रायोगिक ज्ञान ही छात्रों को प्राप्ते है। उपकरण तक को छात्र पहचानते भी नहीं है और न प्रयोग लिखने आतो है। यह स्थिति है प्रैकटिकले को। दसे रुपऐ या सादी कापी जमा कर प्रैक्टिकल में पास कर दिये जाते है।

प्रैक्टिकल के दिन कोई अधिकारी जा कर देख सकतो है। नीतीश को बच्चों की परीक्षा से कोई मतलब नहीं है। मतलब होता तो 18 वर्षों में प्रैक्टिकले प्रैकटिकले हो गयो होता। बच्चों को भी कम से कम प्रायोगिक उपकरणों की जानकारी हो जाती।

# बीपीएससी की परीक्षा को लेकर स्टेशन पर जुटी छात्रों की भीड़, होती रही धक्का मुक्की

**केटी न्यूज/बक्सर**

68 वीं बिहार लोक सेवा आयोग के प्री टेस्ट में शामिल अभ्यर्थियों का रेला रविवार को परीक्षा समाप्ति के पश्चात स्थानीय स्टेशन पर उमड़ पड़ा। यहां तक कि स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर तिल रखने की भी जगह नहीं थी। जो भी ट्रेन पटना की ओर जाने के लिए आती थी, उस पर सवार होने के लिए अभ्यर्थी टिड्डी दल की तरह टूट पड़ते थे। जिनको संभालने में जीआरपी तथा आरपीएफ को काफी मशक्कत करना पड़ा। इस परीक्षा को लेकर के ट्रेनों के एसी तथा स्लीपर कोच पर अभ्यर्थियों का कब्जा रहा। जिसके चलते आरक्षित श्रेणी में यात्रा कर रहे यात्रियों को



भारी फजीहत का सामना करना पड़ा।

बीपीएससी प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए एक स्टेशन से उनके दबाव को कम करने के लिए पटना-रघुनाथपुर मेमो पैसेंजर ट्रेन को बक्सर से रविवार के अपराह्न 4 बजे स्पेशल मेमो पैसेंजर ट्रेन बनाकर चलाया गया। फिर भी अभ्यर्थियों की भीड़ के सामने मेमो पैसेंजर ट्रेन भी अपर्याप्त नजर आई। इस स्पेशल मेमो पैसेंजर ट्रेन में भी अभ्यर्थी ठसा-ठस भरे हुए थे। तो भारी संख्या में अभ्यर्थी डाउन सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस और फरक्का एक्सप्रेस में धक्का-मुक्की करते नजर आए।

## चौगाई में आयोजित हुआ शिव गुरू महोत्सव, शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

# शिव को जन जन का गुरू बनाना संप्रदाय का लक्ष्य: अनुनीता

- श्रद्धालुओं को दी गई शिव के महत्व की जानकारी

**केटी न्यूज/चौगाई**

रविवार को शिव गुरू है संप्रदाय द्वारा चौगाई प्रखंड में भारतीय संस्कृति में भगवान शिव की अवधारणा पर शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिव के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। भगवान शिव हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। भारत की मिट्टी में हमारे संस्कारों में शिव समाहित हैं। सर्वाधिक रूप से पूजित हैं महादेव। देश के कोने कोने में इनकी महता से ही समझा जा सकता है कि इनकी जड़ें कितनी भीतर तक हैं। पटना से आई अनुनीता ने कहा



गुरु महोत्सव में जुटी महिला श्रद्धालुओं की भीड़

कि इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य साहब श्री हरिन्द्रानंद जी ने कहा है कि भगवान शिव के बिना भारत भूमि की कल्पना ही बेमानी है। ये हमारी विरासत हैं। इतिहास को देखा जाए तो हमे पता चलेगा कि महादेव एक कल्पना नहीं अपितु एक सोच है, हमारी सोच हैं शिव। अनुनीता ने कहा कि यही शिव गुरु का काम भी करते हैं। आज से नहीं बल्कि सदियों से। जब से यह सृष्टि बनी है तभी से ही। मां भगवती उनकी प्रथम शिष्य हैं। गुरु किसी जाति धर्म या संप्रदाय का नहीं होता है। वह तो ज्ञान की प्रतिमूर्ति हैं और जब गुरु स्वयं भगवान शिव हों तो पूरी मानवता उन्हें अपना गुरु बना सकती है और उनसे ज्ञान अर्जित कर सकती है। पटना से ही आए डॉक्टर अमित ने कहा कि शिव को गुरु बनाने के अलावा हमारे पास कोई दूसरा विकल्प ही नहीं है। उन्हें अपना गुरु बनाइये। भारत भूमि शिव की धरती है। साहब और दीदी का संकल्प है कि सम्पूर्ण जगत को शिव का शिष्य बनाया जाए। इस दिशा में मनसा वाचा कर्मणा हम सभी को शिव शिष्य बनना चाहिए और दूसरों को शिव शिष्य बनने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए।

सतीश ने बताया कि शिव को गुरु बनाने के लिए साहब और दीदी जो कह रहे हैं, उसका पालन करिए। इस कार्यक्रम की विशेषता दिखी कि भगवान शिव परक भजन तो गाए ही गए वहीं कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्र गान भी गाया गया। चंद्रिका यादव, उपेंद्र बहादुर सिंह, शिव शंकर सिंह, महेंद्र प्रसाद, सरयू पासवान और मंगल यादव ने इस कार्यक्रम के आयोजन में कड़ी मेहनत की और सफल बनाया। यहां हजारों की संख्या में आस पास के शिव शिष्य उपस्थित थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन



**नावानगर।** सोनवर्षा के एमडीजे पब्लिक स्कूल में रविवार को 14 वीं विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान तथा विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के निदेशक ने सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथियों ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए साइंस के स्वचालित मॉडल्स सहित सोशल साइंस, हिंदी, कंप्यूटर साइंस, मैथमेटिक्स, इंग्लिश इत्यादि मॉडल्स एवं कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए उनके प्रेजेंटेशन की जानकारी लिया। विज्ञान समेत अन्य सभी विषयों में कक्षा 1 से 10 तक के छात्र छात्राओं ने अपने अथक प्रयास से एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार किए थे। जिसकी सराहना अतिथियों ने किया। मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ नन्द कुमार शिक्षक मुन्ना कुमार प्राचार्य एके घोष, साइंस टीचर मुकेश कुमार, आर्ट टीचर धीरेंद्र नाथ तिवारी, खेल शिक्षक चंदन कुमार, विजेन्द्र सिंह, डॉक्टर सुशीला कुमारी, मनोहर कुमार ओझा व अन्य मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### आटो पलटने से एक की मौत

**बलिया।** बांसडीह-मनियर मार्ग पर रविवार को कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर गांव के सामने आटो व बाइक की टक्कर हो गयी। जिससे बाद आटो गड्ढे में पलट गयी। घटना में आटो सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। जिसमें से एक व्यक्ति की मौत उपचार के दौरान हो गयी। जानकारी के अनुसार मनियर कस्बा निवासी हरीराम (50) अपनी बेटी सिमरन (30) व बेटा आदित्य (17) के साथ आटो से रेवती शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। नारायनपुर गांव के सामने तेज रफ्तार बाइक से टक्कर के बाद आटो पलट गई। जिसमें आटो सवार तीनो व्यक्ति घायल हो गए। जिला अस्पताल में हरीराम की मौत हो गई। वहीं घायलों के उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### युवक ने अजगर को पकड़ा

**बलिया।** बैरिया गांव के मगई नदी के पास रविवार को अजगर सांप पेड़ पर दिखाई देने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों को दी। लेकिन, उनके आने से पहले ही अजगर को पकड़ लिया गया। तब लोगों ने राहत की सांस ली। बैरिया गांव निवासी रोहित वर्मा अपने खेत की तरफ जा रहे थे, तभी उनकी नजर गम्हार के पेड़ पर अजगर सांप को चढ़ते हुए दिखाई दी। उसने गांव के लोगों को बताया कि अजगर दिखाई दिया है। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ अजगर सांप को देखने के लिए उमड़ पड़ी। इस बीच सागरपाली निवासी विक्रम वर्मा ने अजगर को पकड़ लिया। बता दें कि इसके पूर्व बगल के इच्छा चौबे का पूरा गांव के बाहर भी पेड़ पर एक अजगर सांप मिला था जिसको वन विभाग की टीम ने पकड़ा था।

### एलईडी का पोल गिरने से लगा जाम

**मऊ।** रविवार को सोनकर बस्ती के पास एलईडी पोल थोड़े से हवा के झोंके में अचानक हाईवे पर धड़ाम से गिर गया। हालांकि पोल के अचानक गिरने से कोई राहगीर और वाहन नहीं गुजरा। वरना किसी बड़े खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता था। पोल के अचानक गिर जाने से हाईवे पर आधे घंटे तक वाहनों का जाम लग गया। लोगों ने हाईवे के किनारे जगह जगह एलईडी लाइट से जगमगाने के पीछे कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि पोल गाड़ने में जमकर धांधली की गई। जिसके चलते पूर्व में भी हवा के झोंके में हाईवे पर पोल गिरकर नगर पंचायत प्रशासन के भ्रष्टाचार का पोल खोल चुका है।

### वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन

**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा फतेहपुर ताल नरजा में फतेहपुर मसीना मैदान पर जिला स्तरीय तीन दिवसीय मकबूल मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया है। टूर्नामेंट में कुल 8 जनपदों की टीमें भाग ले रही है। रविवार को टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रतिष्ठित व्यवसायी कक्कू खान ने किया। उद्घाटन मैच फैजाबाद और आजमगढ़ के खेला गया खेला गया। उद्घाटन मैच में आजमगढ़ की बालीबाल टीम ने फैजाबाद की टीम को कड़े मुकाबले में 15-11,15-04 से हराया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि कक्कू खान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मनुष्य को तनाव मुक्त रखते हैं। उसके शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक उम्र के व्यक्ति को किसी ना किसी प्रकार की खेल गतिविधि में भाग लेना चाहिए। खेलों के आयोजन ने खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिलता है।

# इन्वेस्टर समिट में समापन तक जनपद में 3009.33 करोड़ के निवेश प्राप्त

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया समिट का समापन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारी

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का समापन लखनऊ में भारत सरकार की राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केवश प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा देश/विभिन्न देशों के उद्योगपति आदि उपस्थित थे। जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण रायफल क्लब सभागार में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में उद्यमियों एवं निवेशकों के बीच किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी विरा अरूण कुमार सिंह, एसपी ग्रामीण अभिषेक भारती, जीएमडीआईसी सहित समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों एवं जनपद के उद्यमियों एवं निवेशकों ने समारोह का लाइव प्रसारण देंखा। कार्यक्रम का समपान राष्ट्रगान गाकर किया गया। इन्वेस्टर समिट में समापन तक जनपद में कुल 3009.33 करोड़ रुपए के निवेश प्राप्त हुए है। जिसमे विभिन्न क्षेत्रों के 204 प्रस्ताव शामिल हैं। जिसमें 179 प्रस्ताव का एमओयू जारी हो चुका है। शेष कुछ दिनों में जारी हो जाएंगे।



जनपद स्तर पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 समापन अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने इन्वेस्टर समिट 2023 गाजीपुर निवेश कुंभ में प्रतिभाग करने वाले जनपद के उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा जनपद गाजीपुर में निवेशको से बहुत अच्छा रिस्पोन्स मिला है। रविवार को समापन तक कुल 3009.33 करोड़ रुपए के निवेश प्राप्त हुए है। जिससे 10202 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होने कहा कि इन्वेटर समिट मे इस जनपद के लक्ष्य से 10 गुना से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है, जनपद के लिए यह बहुत ही अच्छा सिंग्नल है। उन्होने कहा कि इन्वेस्टर समिट में सबसे अधिक 400 करोड़ का प्रस्ताव सुखबीर एग्रो एनर्जी लिमिटेड का है।

जनपद में निवेशकों के लैंड की समस्या पर जवाब देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नन्दगंज इंडस्ट्रियल स्टेट मे जो युनिट्स बंद पड़ी है, उनको निरस्त कर नये निवेशकों को मौका दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त इंडस्ट्रियल एरिया के उपर भी विचार किया जा रहा है बंन्द पड़ी चीनी मील के जमीन के लिए यूपीसीडा एवं शासन स्तर से वार्ता जारी है तथा राज्य उद्योग बन्धु को प्रस्ताव भेजा गया हैं। कुछ महीनो में इस पर निर्णय भी हो जायेगा। इसके अतिरिक्त यदि उद्यमी मिलकर भी प्राईवेट इंडस्ट्रियल पार्क लगाना चाहते है तो उसपर सरकार की भी हैण्ड होल्डिग रहेगी जिससे उद्यमियों को आसानी होगी।

## बीते तीन रविवार की तरह, इस रविवार को भी साप्ताहिक बंदी लगभग रही सफल

# साप्ताहिक बंदी को लेकर पूरे दिन सैदपुर में अधिकारी करते रहें मार्च, दिखी हनक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के सैदपुर में रविवार को साप्ताहिक बंदी का चौथा दिन था। इस दिन तहसील के आला अधिकारियों ने बाजार में पैदल भ्रमण कर, हनक दिखाते हुए निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध परिस्थिति में मिली कुछ दुकानों की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। साथ ही कई दुकान संचालकों को आगे से जुमार्ना लगाने की हिदायत भी दिया गया। लेकिन पूरे दिन बाजार में प्रशासन और कुछ व्यवसायियों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा।

गौरतलब है कि बीते माह जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के सख्त निर्देश पर सैदपुर में साप्ताहिक बंदी को लेकर, प्रशासन गंभीर दिखाई दे रहा है। जिसके क्रम में बीते तीन रविवार की तरह, इस रविवार को भी सैदपुर में साप्ताहिक बंदी लगभग सफल रही। लेकिन कुछ दुकानदारों और प्रशासन के बीच इस बार भी लुका छुपी का खेल चलता रहा। हालांकि इस बार भी बंदी लगभग सफल रही। लेकिन बीते तीन रविवार की साप्ताहिक बंदियों की तरह ही इस बार भी कुछ दुकानदार, प्रशासन को देखते ही दुकान का शटर बंद और जाते ही थोड़ा खोल कर, व्यवसाय करते दिखाई दिए। जिसे लेकर दुकान बंद करने वाले ज्यादातर दुकानदार आक्रोशित दिखाई दिए।

**व्यापारिक संगठनों और प्रशासन के बीच तालमेल की कमी :** रविवार को सैदपुर नगर पंचायत के प्रशासक एसडीएम पुष्पेंद्र पटेल के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, श्रम इंस्पेक्टर पूर्ति यादव सहित पुलिस बल के साथ कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज पवन कुमार ने नगर में पैदल भ्रमण और निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों और प्रशासन के बीच तालमेल की कमी देखने को मिली। जिसके कारण, दुकान खोलने के एक मौके की तलाश में कुछ लोग, पूरे दिन दुकान के बाहर बिना काम के बैठे दिखाई दिए। जिसमें कई दुकान संचालकों के कामगार रहे, जो छुट्टी के दिन भी बिना काम के बैठे रहने को विवश रहे।



- दुकान बंद करने वाले ज्यादातर दुकानदारों में आक्रोश, जताई नाराजगी
- अधिकारियों को देखते ही दुकानदार बंद कर देते थे शटर

**नियमों के अधीन 1 दिन साप्ताहिक बंदी करना अनिवार्य :** उप जिलाधिकारी पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि नियमों के अधीन 1 दिन साप्ताहिक बंदी करना अनिवार्य है। व्यापारिक संगठनों की सहमति से रविवार की साप्ताहिक बंदी तय की गई है। अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि सभी को सख्त हिदायत दी जा रही है। आगे से श्रम विभाग के नेतृत्व में जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। उद्योग व्यापार समिति सैदपुर के अध्यक्ष विकास बरनवाल ने बताया कि सभी रविवार को साप्ताहिक बंदी पर सहमत है। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रहलाद दास जायसवाल ने बताया कि पहली साप्ताहिक बंदी की बैठक में सभी रविवार की बंदी पर सहमत थे। व्यापारी बंधुओं को नियमानुसार प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

### पंचायत के सहयोग से चलेगा जागरूकता कार्यक्रम

श्रम स्पेक्टर पूर्ति यादव ने बताया कि जल्द ही नगर के व्यवसायियों के साथ उनसे साप्ताहिक बंदी को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही साप्ताहिक बंदी पर नगर पंचायत के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। जिसमें अधिनियम और उसके जुमार्ने की जानकारी सभी से साझा की जाएगी। साथ ही साप्ताहिक बंदी को सैदपुर में सख्ती से लागू कराया जाएगा। इसके साथ ही व्यवसायों में श्रम करने वालों को विशेष रूप से जागरूक किया जाएगा। ताकि उनके हितों की रक्षा की जा सके। इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर प्लान तैयार किया गया है।

### 25 रुपए से लेकर 250 रुपए के जुर्माना का प्रावधान

साप्ताहिक अवकाश अधिनियम 1942 एक तरह का क्रिमिनल ऑफिंस है। जिसमें पहली बार साप्ताहिक बंदी की अवहेलना करते पकड़े जाने पर 25 रुपए से दोबारा 250 रुपए के जुमार्ने का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश दुकानदार एवं वाणिज्य अधिनियम 1962 अनुसार अधिकतम 500 रुपए जुर्माना के साथ, सात दिनों तक दुकान को सीज करने का प्रावधान है। अगर इसे व्यापारियों और प्रशासन के बीच वैज्ञानिक ढंग से तालमेल बैठाकर लागू किया जाए, तो इससे किसी के आर्थिक ढांचे पर बहुत बड़ी चोट की गुंजाइश बहुत ही कम है।

# बेटी की शादी से चार दिन पहले अधिवक्ता ने की आत्महत्या

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

घर से बेटी की डोली उठने से ठीक चार दिन पहले शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता ने अचानक फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। ऐसा उन्होंने क्यों किया यह अभी रहस्य बना हुआ है। पुलिस का मानना है कि कानूनविद के इतने बड़े कदम उठाने के पीछे कुछ न कुछ बड़ा राज जरूर है। शहर कोतवाली के आमघाट कालोनी निवासी अधिवक्ता प्रफुल्ल राय (67) का फांसी के फंदे पर लटकता शव मिलने से स्वजन सन्न रह गए। उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसको लेकर तमाम तरह की चर्चा हो रही है। चार दिन बाद ही उनकी बेटी की शादी होनी है। बलिया के टुटवारी गांव के मूल निवासी प्रफुल्ल राय का आमघाट में मकान है। उनकी पुत्री का 16 फरवरी को शादी है। स्वजन तैयारी में जुटे हुए थे। शादी का निमंत्रण कार्ड भी वितरित कर दिया गया है। शुक्रवार की रात घर के सभी सदस्य सोए हुए थे।

शनिवार सुबह पांच बजे स्वजन ने देखा कि घर के बाहर बने टीन शेड में वह फंदे से लटके हुए हैं। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा तो उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के असल कारण अभी मालूम नहीं हो सका है। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। सीओ सिटी गौरव कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# टमाटर के बीच छिपाई शराब पुलिस ने किया जब्त फर्जी नंबरप्लेट लगे वाहन समेत तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद की पुलिस ने शराब तस्करी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 3.22 लाख रुपए कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगा हुआ पिकअप वाहन बरामद किया है। इसके साथ ही एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस शराब तस्करी के इस गिरोह के बाकी साथियों की छानबीन में जुटी हुई है। बरामद शराब राजस्थान निर्मित बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि करंडा थाना पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में शराब तस्करी का खुलासा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के दीनापुर चट्टी से फर्जी नम्बर प्लेट लगे पिकअप वाहन समेत 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने हापुड़ जनपद निवासी अशोक कुमार को गिरफ्तार किया है।



बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की कुल कीमत 3 लाख 22 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ चंदौली और वाराणसी में पहले से शराब तस्करी के मुकदमें दर्ज हैं। इसकी वजह से वह तस्करी कर शराब बिहार ले जाने के लिए गाजीपुर के करंडा-जमानियां रूट का इस्तेमाल करने वाला था, लेकिन मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने उसके मंसूबे को पूरा नहीं होने दिया। पिकअप वाहन में अवैध शराब को छुपाने के लिए टमाटर भी लोड किए गए थे, जिनकी आड़ में रखे राजस्थान की किसी फैक्ट्री में निर्मित रॉयल क्लासिक व्हिस्की के कुल 3840 पाउच बरामद किए गए हैं। बरामद कुल 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की कीमत 3 लाख 22 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस गिरफ्तार तस्कर के बाकी साथियों और नेटवर्क की छानबीन में जुटी हुई है।

## पैसेंजर ट्रेन का ठहराव बदला, ताड़ीघाट के बजाए सोनवल में होगा ठहराव

# सोनवल से दिलदारनगर तक प्रतिदिन चलेगी पैसेंजर ट्रेन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पूर्व मध्य रेलवे दानापुर के आने वाले 19 किमी लंम्बे दिलदारनगर-ताडीघाट ब्रांच लाइन पर चलने वाली एकमात्र पैसेंजर ट्रेन का ठहराव रेलवे के अधिकारियों द्वारा रविवार से ताड़ीघाट के बजाए सोनवल में करा दिया गया। रेलवे द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार आठ बोगियों वाली पैसेन्जर ट्रेन दिलदारनगर जंक्शन से सुबह 8.15 बजे पर रवाना हुई, जो सरहुलां, नगसर स्टेशन से होते हुए नौ बजे सोनवल बनाए गए अस्थाई प्लेटफार्म पर सैकडों यात्रियों को लेकर पहुंची।



ट्रेन के साथ आए दिलदारनगर स्टेशन प्रबंधक नफीस अहमद खान, पीडब्लूआई दिलीप सिंह सहित आरपीएफ के जवानों ने सोनवल बनाए गए अस्थाई प्लेटफार्म, टिकट काउंटर आदि का सुरक्षा की दृष्टिगत निरीक्षण किया। यहां सुविधाएं बढ़ाने के लिए आश्वासन दिया। मालूम हो कि रेलवे द्वारा इस ब्रांच लाइन पर सोनवल नौ एलसी से दिलदारनगर तक करीब सोलह किमी लंम्बे रूट पर पीक्यूआएएस कार्य के तहत पुराने स्लीपर व रेल लाइन को हटाकर नया लगाया जाना है। ताकि चलने वाली ट्रेनों को रफ्तार दी जा सके। महकमें के अनुसार यह कार्य करीब डेढ़ माह तक चलने की उम्मीद है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत होने वाले इस कार्य को देखते हुए रेलवे के अधिकारियों ने ताड़ीघाट स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों को? एक दिन पूर्व सोनवल शिफ्ट कर 143 साल पुराने अतिप्राचीन ताड़ीघाट स्टेशन को बंद कर दिया। इसके बाद वहाँ सन्नाटा पसर गया। रेलवे के मुताबिक पैसेन्जर ट्रेन प्रतिदिन सुबह 6.15 बजे डीडीयू जंक्शन से चलकर सुबह 7.45 बजे दिलदारनगर पहुंचेगी।

पैसेंजर ट्रेन दिलदारनगर से सुबह 8.15 बजे खुलेगी, जो विभिन्न स्टेशन होते हुए नौ बजे सोनवल पहुंचेगी। इसी तरह 9.45 बजे सोनवल से चलकर 10.20 बजे दिलदारनगर जंक्शन पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन दूसरे फेरे में दिलदारनगर से 10.50 बजे एवं तीसरे फेरे में शाम 4.45 बजे पर सोनवल के लिए रवाना होगी। उप स्टेशन प्रबंधक सुजित कुमार ने बताया कि ट्रेन अब प्रतिदिन सोनवल से दिलदारनगर तक चलेगी।

## एक नजर

### अन्नया ने कांस्य पदक जीत लहराया परचम



**गाजीपुर।** रेवतीपुर गांव निवासी एवं अंतरराष्ट्रीय महिला सीनियर बालीवाल टीम की मुख्य अटैकर भारतीय डाक विभाग के पश्चिम बंगाल में सहायक पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात अन्नया राय ने गोवहाटी में आयोजित 71वीं सीनियर महिला बालीवाल चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत अपने प्रतिभा का परचम लहराया है इसकी जानकारी गाँव होते ही क्षेत्रीय खिलाडियों एवं परिजनों में हर्ष व्याप्त हो गया। लोगों ने इस शानदार सफलता पर एक दूसरे को मिठाई खिला अपने खुशी का इजहार किया मालूम हो गोवहाटी में आयोजित 71 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला वालीवाल के चैम्पियनशिप में कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबलें में अन्नया ने पश्चिम बंगाल की तरफ से खेलते हुए अपने दम पर राजस्थान को 25-18, 25-22 एवं 25-20 से पराजित कर कांस्य पदक पर कब्जा जमा लिया। आयोजित इस चैम्पियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों के दर्जनों खिलाडियों ने प्रतिभाग किया।अपनी इस सफलता पर बातचीत में अन्नया ने बताया कि खेल के प्रति उसका रूझान शुरू से ही रहा है। विशेषकर बालीवाल तो वह छोटे उम्र से ही खेलना शुरू कर दिया। उसने बताया कि वह डाक विभाग में सहायक पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात है। बावजूद वह नियमित अभ्यास के लिए समय निकाल लेती है।

### स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**बलिया।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरेंव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक एवं अनुसंधान केंद्र पर उनके पुण्यतिथि के अवसर पर जूनियर एवं माध्यमिक स्कूल के बच्चों का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में बच्चों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के संगठन मंत्री अजय जी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण करने के उपरांत परीक्षा आरंभ किया गया। परीक्षा के उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं किताब दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परीक्षार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वंश नारायण राय ने अपने वक्तव्य में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करना एवं विकसित करने के साथ आम लोगों को भी जागरूक करना है। उन्होंने बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित होने की बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। उक्त कार्यक्रम में महरेंव ग्राम प्रधान दिग्विजय सिंह, मोती चंद गुप्ता, वंश नारायण राय, राजू सिंह, अंजनी कुमार राय, परमानंद पांडे, संदीप तिवारी, आनंद सिंह, वीरेंद्र तिवारी, राज आलम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत में बरसों से बंद पड़ी है पानी टंकी



**बलिया।** नगर पंचायत मनियर में बरसों से दो दो पानी टंकी बंद पड़ी है। सामुदायिक शौचालय की भी बुरी स्थिति है। मनियर समतगढ़ही के पास बने शौचालय में हैंड पाइप से पानी भरकर लोगों को ले जाना पड़ता है। लाखों रुपए से बने शहीद रामनाथ मार्केट विरान पड़ा हुआ है। जबकि सब्जी मार्केट सड़कों पर ही लगती है। नगर पंचायत प्रशासन इन समस्याओं की कभी सुधि नहीं लेता। मनियर गुदरी बाजार में लगभग 1980 के दशक में पूर्व चेयरमैन सरदार लक्ष्मण सिंह के कार्यकाल में पानी टंकी बनी थी, जो उनके कार्यकाल में कुछ समय तक चला उसके बाद स्व. गंगा सिंह चेयरमैन बने तो कुछ समय तक टंकी से पानी सप्लाई हुआ। वार्ड नंबर 7 निवासी राजेश सिंह का कहना है कि पूर्व चेयरमैन प्रदीप गुप्ता एवं पूर्व चेयरमैन मोहम्मद मोबिन के समय में भी थोड़ा बहुत पानी सप्लाई हुआ था। उसके बाद लगभग 20 वर्षों से एक छटाक पानी इस पानी टंकी से सप्लाई नहीं हुआ। सभी पाइप जाम हो गए हैं, वहीं मोटर वगैरह में भी जंग लगकर खराब हो गया है। दूसरी पानी टंकी से करीब एक साल तक ही पानी सप्लाई हुई। राजेश सिंह ने टंकी को ठीक करके पानी सप्लाई किए जाने की मांग की है ताकि मनियर की जनता को इसका लाभ मिल सके। वहीं, सामुदायिक शौचालय की स्थिति में भी सुधार करने की मांग की है।

### जिला स्तरीय उद्योग बंधुओं की बैठक संपन्न

**बलिया।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त एसके सिंह ने बताया है कि रविवार को उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिलास्तरीय उद्योग बन्धुओं की बैठक जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत लीड बैंक अधिकारी तथा उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि ऋण आवेदन पत्रों पर 15 दिन के अन्दर ऋण स्वीकृत / वितरित की कार्यवाही की जाय तथा ऋण आवेदन पत्रों पर अनावश्यक रूप से आपत्ति न लगाया जाय तथा आवेदको को परेशान न किया जाए। मिनी औद्योगिक आस्थान जिगनीखास में रिक्त भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन पत्र 10 फरवरी तक मांगे गये थे। उपयुक्त उद्योग द्वारा समिति को बताया गया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से दिनांक 14 फरवरी को टेन्डर खोला जायेगा। तदनुसार शर्तों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।